# मानोता पंचायत के लोगों को मिलेगा 'हर घर जल योजना' का लाभ

**खेतड़ी,** (निसं)। मानोता कलां पंचायत के धर्मदड़ा में डेढ करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई हर घर जल योजना व उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, पूर्व प्रधान मदनलाल गुर्जर, बीसीएमओ डॉ. हरिश यादव, पीएचईडी एक्सईएन दिनेश सैनी रहे। अध्यक्षता सरपंच दयाराम खरड़िया ने की।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने हर घर पेयजल योजना व 42 लाख रुपए की लागत से धर्मदड़ा में बनाए गए उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही हर घर जल योजना खेतड़ी क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगी। खेतड़ी पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण जल स्तर काफी नीचे चला गया, जिससे गांव व ढाणियों में रहने वाले लोगों के लिए पेयजल का संकट गहराने लगा था। सरकार ने ग्रामीणों की समस्या को समझते हुए पूर्व में 933 करोड रुपए की कुंभाराम जल योजना को खेतड़ी में लाकर आमजन को नहर का पानी उपलब्ध करवाया। वहीं गांव व ढाणियों में बसने वाले लोगों के लिए हर घर जल योजना का शुभारंभ कर घर-घर पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

बीस किलोमीटर तक बिछाई गई पाइप लाइन से मानोता कलां, धर्मदड़ा, भजनावाला, नया बास, मानोता खुर्द के लोगों को फायदा मिलेगा तथा उन्हें पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। शिक्षा के क्षेत्र में खेतड़ी के बबाई मे महिला महाविद्यालय, 18 सीनियर सैकंडरी स्कूल बनाए गए हैं तथा जल्द ही मानोता में अंठोजी माध्यम स्कूल बनाया जाएगा। इस मौके पर एईएन सुनील कुमार, हरिराम गुर्जर, सुभाष, शेर सिंह कृष्णियां, पूनम बोछवाल, रूपेंद्र सिंह शेखावत, बीरबल, संदीप चिरानी, कृष्ण कुमार, सुदेश ढाका, गाड़ाराम, महावीर प्रसाद, अमीलाल, जगमाल, जयनारायण, नरेंद्र, मुकेश मीणा, जितेंद्र गुर्जर, मनोज श्योरान, प्रकाश, सुरेश, सीताराम, मनीराम ठेकेदार, प्रकाश भरगढ़, हजारी सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।



सीएम सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह ने (शिलापट्ट के बाएं) हर घर जल योजना व उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया।

- डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई पेयजल योजना व उप स्वास्थ्य केंद्र का विधायक ने शुभारंभ किया

## परिवहन आयुक्त ने निरीक्षण किया

**चूरू,** (कासं)। परिवहन आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी ने मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय चूरू का निरीक्षण कर डीटीओ एवं उड़नदस्तों को चालू वर्ष में आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई, रिकॉर्ड का अच्छी तरह से संधारण करने, कार्यालय में बनने वाले लाईसेंस एवं वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र समय पर वितरित किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने उड़नदस्तों को सड़क सुरक्षा के लिये विशेष रूप से सघन जांच, सीट बेल्ट, हेलमेट आदि लागू करने की भी हिदायत दी एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुकता पैदा करने पर विशेष बल दिया ताकि होने वाली वाहन दुर्घटनाओं को रोका जा सके। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त ने कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा इन पौधों की सार-सम्भाल का जिम्मा भी कार्यालय स्टाफ को दिया। उन्होंने कार्यालय स्टाफ को सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। डीटीओ ओम सिंह शेखावत ने कार्यालय की योजनाओं एमनेस्टी योजना, सड़क सुरक्षा आदि से अवगत करवाया। सहायक लेखाधिकारी प्रथम नन्दलाल सिंह राठौड़ ने राजस्व की प्रगति, ऑडिट पैरा आदि से अवगत करवाया।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ



बालिकाओं व महिलाओं को कलेक्टर के नवाचार स्वतंत्र उड़ान के तहत स्वच्छता की ट्रेनिंग दी गई।

**झुंझुनूं,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय व झुंझुनूं ब्लॉक का कार्यक्रम सूचना केंद्र सभागार में संपन्न हुआ। कार्यशाला में महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों व उनकी समस्याओं को किस प्रकार दूर किया जा सकता है। इस संबंध में चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झुंझुनूं एसडीएम शैलेश खैरवा ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा अन्य महिलाओं को भी इसके लिए जागरूक करें, ताकि समाज को नई दिशा मिल सके। उन्होंने नवाचार स्वतंत्र उड़ान को भी महिला स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण अभियान बताया। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर के सुशासन के लिए नवाचार अभियान के तहत स्वतंत्र उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 1500 मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि शिविर में स्कूल टीचर, एलएस, पूर्व प्राथमिक शिक्षक, साथियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। अब ये मास्टर ट्रेनर स्कूल स्तर पर प्रशिक्षण देकर बालिकाओं एवं महिलाओं में माहवारी एवं स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूक करेंगी। कार्यक्रम में आईसीडीएस के उप निदेशक विजेंद्र राठौड़, एसडीएम शैलेश खैरवा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज डूडी, जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, विकास अधिकारी राकेश जानूं, मनीराम मंडीवाल अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोट में मंगलवार को राजीव गांधी युवा विकास संस्थान कोट की ओर से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्रा गीतांजलि शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर बालिकाओं और महिलाओं को समाज में लैंगिक समानता का दर्जा देते हुए उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना है, ताकि वो अपने समक्ष आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर सके। इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाओं को जागरूक करते हुए, उनको आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना होता है। प्रधानाचार्य रामप्रसाद ने बताया कि विश्व भर की कुल आबादी में महिलाएं और बालिकाएं आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए उनकी परिवार, समाज एवं शासन व्यवस्था की गतिविधियों में उनकी पूर्णतः भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। आज का अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस अब हमारा समय है हमारे अधिकार हमारा भविष्य है थीम पर आयोजित हुआ।

# नवलगढ़ में हुआ मंत्री गजेंद्र सिंह का स्वागत

- मेरी यात्रा को कौन किस दृष्टि से देखता है, यह देखने वाले का कामः शेखावत

**नवलगढ़,** (निसं)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह झुंझुनूं के दौरे पर है। झुंझुनूं जिले में प्रवेश पर नवलगढ़ में उनका भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर सांसद नरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी व भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मेरे दौरे को लेकर कौन किस दृष्टि से देखता है। यह उनकी सोच है। लेकिन मेरा मानना है कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता आने वाले चुनावों की तैयारी में लग गया है। सभी का बस एक ही मत है और दौरों का एक ही उद्देश्य है कि संगठन मजबूत और हम चुनाव में मजबूती के साथ उतरे। उन्होंने इस मौके पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि वर्तमान सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने अपने इस्तीफे सौंप रखे है। ऐसे में यह कल्पना करना मुश्किल है कि अगला बजट सरकार पेश करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार की फोकस सिर्फ कुर्सी बचाना रह गया है। यही कारण है कि प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ गया है। मंत्री तक दुष्कर्म की घटनाओं पर विधानसभा में इसे हलके में लेकर टिप्पणी करते है कि यह मर्दों का प्रदेश है। इससे ज्यादा राजस्थान के चेहरे पर कांग्रेस क्या कालिख पोतेगी। लेकिन जनता तैयार है। इस बार इनकी गिनती इतनी होगी कि एक गाड़ी में ही आने-जाने लायक बचेंगे। इस मौके पर पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर का भी अभिनंदन किया।

स्वागत कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमेंद्र चारण, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़, महामंत्री सरजीत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुनील लांबा, भाजपा नेता कुबेर सिंह, जिला मंत्री रामस्वरूप सैनी, जिला परिषद सदस्य बीरबल गोदारा, पंचायत समिति सदस्य मेजर जयराम सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सहकारी समितियों में डीएपी उपलब्ध करवाने की मांग



छाजा की नांगल सहकारी समिति व्यवस्थापक (बाएं) को ज्ञापन सौंपा।

**पाटन,** (निसं)। सहकारी समितियों में डीएपी की अनुपलब्धता के चलते किसानों को बाजार से ब्लेक में डीएपी खाद खरीदना पड रहा है। जिससे पहले ही मौसम की मार से टूट चुके किसानों पर कर्ज का बोझ निरंतर बढता ही जा रहा है।

मंगलवार को सहकारी समितियों पर डीएपी उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर किसान नेता महिपाल गुर्जर बोपिया ने छाजा की नांगल सहकारी समिति व्यवस्थापक को ज्ञापन सौंपते हुए सहकारी विभाग के उच्चाधिकारियों से फोन पर बात कर डीएपी की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि जल्दी ही सहकारी समितियों पर डीएपी खाद और अन्य कृषि आदानो की व्यवस्था नहीं की गई तो किसान उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगें। जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा होगी तो उसकी जिम्मेदारी सहकारिता विभाग की होगी।

## झुंझुनूं में कोहरे की पहली दस्तक

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में हुई बारिश के साथ अब सर्दी का असर दिखाई देने लगा हैं। जिले के गांव सोती, बुडाना, देसूसर समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को कोहरे की पहली दस्तक

- ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को अल सुबह से ही सफेद कोहरा छाया रहा

देखी गई। अल सुबह से ही सफेद कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सर्दी का भी असर देखने को मिला। अचानक छाए कोहरे की वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ तो वहीं यातायात भी बाधित हुआ। वाहन चालकों को गुजरते समय परेशानी उठानी पड़ी। हर चार कदम पर एक दुसरे को देख पाना मुश्किल लग रहा था। वाहन चालकों को हैडलाइट जलाकर गुजरना पड़ा। इधर, कोहरे के कारण लोगों की दिनचर्या पर भी खासा प्रभाव देखा गया। कोहरे के साथ खेतों में ओंस की बूंदें भी जमी रही। आपको बता दें कि जिले में तीन दिन से लगातार मौसम का मिजाज बदला हुआ है। दिनभर रिमझिम बारिश का दौर चल रहा था।

# समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की



पाटन क्षेत्र के सुमन चाइल्ड पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**पाटन,** (निसं)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं यादव समाज के शिरोमणी, पूर्व रक्षामन्त्री नेताजी मुलायम सिंह के निधन पर मंगलवार को सुमन चाइल्ड पब्लिक स्कूल पाटन में श्रद्धांजली सभा कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गये।


इस अवसर पर सर्व समाज और यादव समाज के लिए किए गये कार्यों को याद किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्र के वरिष्ठ युवा नेता करण सिंह बोपिया ने माननीय नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डाला, और बताया कि आज एक युग का अंत हुआ है धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव हमारे विचारों एव दिलो में सदैव जिंदा रहेंगे।नेताजी 14 वर्ष की उम्र में जेल जाने वाले देश के कल्याण को लक्ष्य बनाया और गांव-गांव साइकिल चलाकर देश की राजनीति में अपनी जगह बनाई । देश के पहले रक्षा मंत्री थे जिन्होंने भारतीय सेना के लिए काम करके अमिट छाप छोड़ी।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी राजस्थान के प्रदेश महासचिव रामरतन यादव ने बताया कि बेशक वे आज हमारे बीच नहीं हैं,किन्तु उनकी स्मृतियां पीढ़ियों तक हमारे बीच रहेंगी। नेताजी आठ बार विधायक, सात बार सांसद,तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री,तथा भारत के रक्षामन्त्री भी रहे।अन्त में दो मिनिट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शान्ति तथा उनके परिजनों को यह वठापात सहने की ताकत प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान समाजवादी पार्टी सीकर जिला अध्यक्ष एडवोकेट ईश्वर सिंह यादव, भंवर सिंह तंवर, सूबेदार बिशन सिंह तंवर, रामकुमार सैनी, हंसराज यादव ,राजेश यादव, बनवारी लाल सैनी, रोहिताश यादव, रत्तिराम निमोरिया, सपना राजपूत, टीना कंवर, प्रमोद मीणा, अभिषेक देहरान, सहित कई गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

# गौतम मोरारका को सातवीं बार भामाशाह पुरस्कार प्रदान किया जायेगा

**नवलगढ़,** (निसं)। राजस्थान सरकार ने प्रख्यात समाजसेवी और उद्योगपति गौतम आर. मोरारका को इस साल प्रतिष्ठित भामाशाह पुरस्कार दिए जाने जाने का निर्णय किया है। खास बात यह है कि मोरारका को रिकॉर्ड सातवीं बार यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

राज्य सरकार के प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निदेशक गौरव अग्रवाल ने मोरारका को भेजे पत्र में उन्हें पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने की जानकारी दी है। पत्र में अग्रवाल ने लिखा है कि शिक्षा के क्षेत्र में दानदाताओं द्वारा विद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं के विकास एवं उन्नयन हेतु किए गए सहयोग के मद्देनजर भामाशाहों को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया हैं। पत्र में गौरव अठावाल ने लिखा है कि आपने विद्यालय भवन निर्माण, अतिरिक्त निर्माण, निर्मित भवन, भूमि एवं अन्य भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण सहयोग कर शिक्षा व्यवस्था में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। इसके लिए विभाग आपका आभारी है। भामाशाह सम्मान समारोह में आपको आमंत्रित करते हुए विभाग अपने आपको गौरवन्वित अनुभव कर रहा है। यह सम्मान समारोह 12 अक्टुबर 2022 को सुबह 11 बजे टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के दीप स्मृति सभागार स्थल जयपुर में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी सेवा ज्योति आर.आर. मोरारका चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी संजय शर्मा के द्वारा दी गई है।



गौतम आर. मोरारका

- गौतम मुरारका बोले, सेवा कार्य करता रहूंगा

**राज्य सरकार के निर्णय पर मोरारका की प्रतिक्रिया:-** राज्य सरकार के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए गौतम आर. मोरारका ने कहा, "मैंने विकास कार्यों में सत्ता-प्रतिष्ठान का सदैव साथ दिया है। यही कारण है कि पहले सन् 2006 फिर सन् 2011 और फिर सन् 2016 और फिर सन् 2018 फिर सन् 2019 फिर सन् 2020 और अब 2022 में राजस्थान सरकार ने मुझे प्रतिष्ठत 'भामाशाह पुरस्कार' से सम्मानित किया।" मोरारका ने कहा, "हमारे सदैव यही प्रयास रहे हैं कि शिक्षा के प्रसाद में धन कीकमी नहीं आए और रोजगार सृजन की दिशा में हम काम करते रहे और इसके लिए हम पूरी तल्लीनता के साथ लगे हुए हैं।

**यह है भामाशाह पुरस्कार:-** उल्लेखनीय है कि अपने संचित धन को देश सेवा के लिए महाराणा प्रताप को सौंपने वाले ऐतिहासिक व्यक्तित्व भामाशाह के नाम से स्थापित यह पुरस्कार राजस्थान के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रवासी उद्योगपतियों को दिया जाता है।

**मोरारका को इन अवसरों पर मिले भामाशाह पुरस्कार:-** सेवा ज्योति आरआर मोरारका चैरिटेबल ट्रस्ट ने झुंझुनूं में जब 2.45 करोड़ रूपए की लागत से श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय का निर्माण वर्ष 2006 में करवाया। तब राज्य सरकार ने इस पुनीत कार्य के लिए संस्थान के मुख्य ट्रस्टी गौतम आर. मोरारका को प्रथम बार भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया। मोरारका को दूसरी बार प्रतिष्ठत पुरस्कार से 2010-11 में तब सम्मानित किया गया। जब राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं में 53 लाख रूपए की लागत से नए कमरों का निर्माण ट्रस्ट द्वारा करवाया गया। मोरारका को तीसरी बार भामाशाह पुरस्कार वर्ष 2015-16 में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए दिए गए योगदान के लिए प्रदान किया गया। मोरारका को चौथी बार भामाशाह पुरस्कार वर्ष 2018 में कक्षा-कक्ष, बरामदा एवं शौचालय कुल क्षेत्रफल 4210 वर्ग फीट क्षेत्र का निर्माण कार्य में व्यय राशि 48.32 लाख रूपए की लागत से निर्माण ट्रस्ट द्वारा करवाया गया। मोरारका को पांचवीं बार भामाशाह पुरस्कार 2019 में 3.53 करोड़ रूपए व्यय कर राजकीय महाविद्यालय नवलगढ़ भवन का निर्माण करवाए जाने पर सम्मानित किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। समय में परिवर्तन के साथ बेटा-बेटी में भेद भी कम हुआ है एवं लिंगानुपात में भी वृद्धि हुई है। आज बेटी के जन्म पर भी घर में खुशियों का माहौल रहता है। उन्होंने छात्राओं से लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से उसे प्राप्त करने का आ ान किया। व्याख्याता उषारानी ने भी बालिका दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमलेश चंद्र ने बताया कि 2012 से ही प्रतिवर्ष 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना है ताकि बालिकाएं भी पढ लिखकर समाज में जागरूकता फैलाएं तथा सभी को शिक्षा एवं पोषण का समुचित अधिकार मिले।

## सार-समाचार

### पुलिस की शहर में सख्ती



**चिड़ावा,** (निसं)। शहर में रात्रि में पुलिस काफी मुस्तैद नजर आई। शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर एसपी मृदुल के निर्देश पर सख्त नाकाबंदी की गई है। डीएसपी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में शहर के पिलानी बाईपास, मंड्रेला चौराहा, ओजटू बाईपास, गोगाजी की ढाणी, नया बस स्टैंड, सूरजगढ़ बाईपास, स्टेशन रोड सहित सभी प्रमुख मार्गों पर हथियारबंद जवान तैनात हैं और सभी जगह यातायात पुलिस के जवान वाहनों को रुकवा रहे है। वाहनों की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान कुछ वाहनों के चालान भी काटे गए। सीआई इंद्रप्रकाश यादव भी टीम सहित तैनात रहे। वहीं विभिन्न थानों के जवानों को भी नाकाबंदी में लगाया गया। विशेष नाकाबंदी के पीछे उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना और बदमाशों पर नकेल कसना माना जा रहा है। हालांकि इस प्रकार हथियाबंद जवानों की तैनाती और अलग - अलग स्थानों पर पुलिस जाब्ता देखकर लोगों में भी जरूर सुगबुगाहट देखने को मिली। लोग इसे लेकर आपसे में चर्चा करते नजर आए।

### रोजगार मेला 21 और 31 अक्टूबर को

**झुंझुनूं,** (निसं)। राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय (मॉडल कॅरिअर सेंटर) द्वारा रोजगार कार्यालय में 21 अक्टूबर और 31 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे से रोजगार मेला अथवा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा हैं। इस शिविर में निजी क्षेत्र की प्रसिद्ध टाटा एवं ऐयरटेल, ग्लेनमार्क आदि कंपनियों द्वारा 12 हजार से 15 हजार तक के वेतन के विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। उक्त प्राइवेट कंपनियों में रोजगार पाने के इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी शैक्षिणक योग्यता 12वीं व स्नातक उत्तीर्ण हो वे अपने दस्तावेज व रिजयूम सहित 12 अक्टूबर को व्यक्तिशः रोजगार कार्यालय झुंझुनूं में उपस्थित होकर कार्यालय में कार्यरत शुभि जग्गी से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 7073207374 पर संपर्क कर सकते है।

### साधारण सभा की बैठक 19 को

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक का आयोजन 19 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि की अध्यक्षता में जिला परिषद के सभा भवन में किया जाएगा। जिला परिषद के सीईओ जवाहर चौधरी ने बताया कि बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पालना पर चर्चा के साथ साथ सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित कार्यों, पेयजल से संबंधित कार्यो, विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत संबंधित समस्याओं, मुख्यमंत्री ठामीण रोजगार गारंटी योजना राजस्थान की वार्षिक कार्य योजना एवं अनुमोदन, महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत प्रगति, पंचायती राज विभाग को हस्तांतरित पांचों विभागों की योजनाओं एवं कार्यों, पंचायती राज एवं ठामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

### राजेश का प्रतियोगिता के लिए चयन

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के कबूतरखाना बस स्टैंड के पास गणेश मंदिर के निकट रहने वाले विश्वनाथ वर्मा के पुत्र राजेश वर्मा का अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। राजेश के भाई केनरा बैंक झुंझुनूं के वरिष्ठ प्रबंधक दीपक वर्मा ने बताया कि राजेश इंफोसिस फाउंडेशन इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2022 बेंगलुरु में होने वाले बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। राजेश वर्मा एवं प्रेम सिंह चौहान को युगल में आठवीं वरीयता प्रदान की गई है। उनके चयन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, विनोद वर्मा, नरेंद्र गिरधर, आकाश वर्मा, पूर्व पार्षद महेंद्र कुमावत, सोमदत्त वर्मा, शिव कुमार वर्मा सहित समाज के लोगों व शुभचिंतकों ने खुशी जताई है।

### खेजड़ी के पौधे लगाये

**सादुलपुर,** (निसं)। गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन ज्योति मुकेश सरावगी की अध्यक्षता में उनके निवास पर आयोजित की गई। मंत्री इन्दु कुमार गोस्वामी ने संबोधित करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढाओ बेटियों को शसक्त बनाओ, बेटियों को संस्कारवान और चरित्रवान बनाओ पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अभियान में जिलाधीश की प्रेरणा से अधिकाधिक संख्या में खेजडी के पौधे लगाने की शपथ ली। बैठक के बाद सभी सम्मानित सदस्यों ने खेजडी के पौधे लगाए। बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। बैठक में डॉक्टर रामकुमार घोटड, संतोष कुमार जांगिड, पुजारी हीरा लाल भार्गव, कृष्ण भार्गव, अनिल शास्त्री, प्रमोद रानी बैरासरिया, संतोष गोस्वामी, कुणाल गोस्वामी, गीता शर्मा, प्रदीप सैनी, रणजीत सिंह भाटी आदि उपस्थित रहे।

### क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता में रिंकू प्रथम



**सादुलपुर,** (निसं)। श्रीराम पी.जी. कॉलेज साँखू रोड सादुलपुर की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा रिंकू पुत्री बलवान सिंह निवासी लसेडी ने महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा आयोजित 10 किमी. क्रोस कन्ट्री (महिला वर्ग) में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्रा का महाविद्यालय प्रांगण में मिठाईयां खिलाकर एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। संस्था निदेशक डॉ. दीपचन्द साहू तथा प्राचार्य वी.एन. कुमार ने छात्रा को आर्शिवाद प्रदान करते हुए अन्य छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ सुमेरसिंह, अनिल शास्त्री, सुनिता श्योराण, रामनिवास मेहरा, सरिता शर्मा, अर्चिता प्रजापत, नितू शुक्ला, सूर्यप्रकाश साहू एवं विरेन्द्र नूनियां आदि उपस्थित रहे।

### अड़ूकिया प्रथम और लाठ द्वितीय रही

**चिड़ावा,** (निसं)। गांधी दर्शन सप्ताह के अंतर्गत हुई उपखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में युवा व्यवसायी दिनेश अड़ूकिया की बेटी हर्षिता अड़ूकिया ने पहला तथा शिक्षक प्रो. केएल लाठ की बेटी लतिका लाठ ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इन प्रतियोगिताओं में अग्रवाल समाज की प्रतिभाओं द्वारा परचम लहराने पर समाज में खुशी है। इससे पहले चित्रकला प्रतियोगिता भी युवा व्यवसायी छवि गोयल की बेटी खुशी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था। हर्षिता अड़ूकिया तथा लतिका लाठ को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीईओ कैलाश अरड़ावतिया के आतिथ्य में पुरस्कृत किया गया। जिसमें गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक मेहर कटारिया समेत अन्य भी मौजूद थे।

## बैठक 14 को

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाली उपखंड स्तरीय जनसुनवाई जिला कलेक्टर द्वारा घोषित करवा चौथ का स्थानीय सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 13 की बजाय 14 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने बताया कि प्रत्येक उपखंड पर उपखंड अधिकारी द्वारा जनसुनवाई का आयोजन पंचायत समिति वीसी कक्ष पर सुबह 11 बजे किया जाएगा।

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री रविना के शाला रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम भूलवश नमिता दर्ज हो गया, जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम रविना है। अब मैं मेरी पुत्री के शाला रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम नमिता के स्थान पर रविना करवाना चाहता हूं। जो कि सही एवं वास्तवित नाम है।

**शपथ ग्रहिता -**
**राजबाला आयु 35 वर्ष पत्नी गंगाधर जाति मेघवाल साकिन कालाना ताल तहसील राजगढ़, जिला चूरू (राज.)**